पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ऐशबाग ईदगाह जाकर ईद की बधाई दी

लखनऊः 18 जुलाई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने ईद के पावन अवसर पर ऐशबाग स्थित ईदगाह जाकर मुस्लिम भाईयों को ईद की दिली मुबारकबाद दी और सभी के सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि ईद का दिन साम्प्रदायिक सौहार्द, भाईचारा और आपसी मेलजोल को मजबूत करने का दिन है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव भी उपस्थित थे।

इसके बाद राज्यपाल ने राजभवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी मिलें और ईद की बधाई दी। राज्यपाल ने राजभवन में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ईद का पर्व सार्वजनिक त्यौहार है इसे सभी सम्प्रदाय के लोग एक-दूसरे को मिलकर मनाते हैं और बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि आगे आने वाले दिन और अच्छे हों तथा समाज में सभी लोग मिल-जुलकर रहें।



मुबारक
मो. हनीफ़ ख़ान
HONORABLE GOVERNOR

HONORABLE
CHIEF MINISTER
HONORABLE
IMAM EIDGAH
HONORABLE
GOVERNOR

ईदगाह कमेटी
EIDGAH COMMITTEE